कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी बागपत वन प्रभाग बागपत।

पत्रांक– 1972 /14–1, दिनाँक, मेरठ, 02 फरवरी, 2016.

सेवा में,

वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी मेरठ वृत्त,
मेरठ।

विषयः– **बागपत में लो0नि0वि0 द्वारा मेरठ–बागपत मार्ग किमी0 71 पर हिण्डन नदी पर प्रस्तावित सेतु के दांयी ओर सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 1.215 है0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उसपर अवस्थित 30 वृक्षों के पातन की अनुमति।**

सन्दर्भः– 1–अपर प्रमुख वन संरक्षक/नोडल अधिकारी वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांक 1567/बागपत/14525/यूपी–128/2015 दिनांक 27.1.2016.
2–अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग बागपत का पत्रांक 168/10सी दिनांक 1.2.2016.

महोदय,

अपर प्रमुख वन संरक्षक/नोडल अधिकारी वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 उ0प्र0 लखनऊ का उपरोक्त संदर्भित पत्र **(छायाप्रति संलग्न)** से बागपत में लो0नि0वि0 द्वारा मेरठ–बागपत मार्ग किमी0 71 पर हिण्डन नदी पर प्रस्तावित सेतु निर्माण के प्रस्ताव पर कतिपय बिन्दुओं पर पुनः आख्या चाही गयी है। पत्र में लगाई गई आपत्तियों का निम्नमानुसार बिन्दुवार निराकरण कर प्रस्ताव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा हैः–

1– प्रस्ताव की तीनों प्रतियों में हस्ताक्षर पुनः करा दिये गये हैं एवं सील लगा दी गई है।

2– प्रस्ताव में पृष्ठ संख्या 31 में पूर्व में लोक निर्माण विभाग द्वारा लगा दिया गया था, जो निकाल दिया गया है। सेतु से मेरठ की ओर अर्थात सेतु के बाईं ओर 0.877145 है0 एवं बागपत की ओर अर्थात सेतु के दाईं ओर 0.337845 है0 भूमि की आवश्यकता है, जिसकी गणना प्रस्ताव के पृष्ठ संख्या 28 पर दी गई है। तदानुसार पृष्ठ संख्या संशोधित कर दिये गये हैं।

अतः आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण कर प्रस्ताव तीन प्रतियों में पुनः इस अनुरोध के साथ भेजा जा रहा है कि प्रस्ताव को उच्च स्तर को प्रेषित करने की कृपा करें।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी
बागपत वन प्रभाग,
बागपत।

AB New

कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी बागपत वन प्रभाग बागपत।

पत्रांक 1774/14-1 दिनांक बागपत 13/जनवरी/2016।

सेवा में,

वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक
सा0 वा0 प्रभाग मेंरठ वृत्त
मेरठ।

विषयः-- जनपद बागपत लो0नि0वि0 द्वारा मेरठ बागपत मार्ग किमी0 71 पर हिण्डन नदी पर प्रस्तावित सेतु के दायी ओर सम्पर्क मार्ग पर प्रस्तावित सेतु के दायी ओर सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 1.215 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैरवानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 30 वृक्षों के पातन की अनुमति।

सन्दर्भः— मुख्य वन संरक्षक/ नोडल अधिकारी उ0 प्र0 लखनऊ का पत्रांक 1315/बागपत/14525/यू0पी0—128/2015 दिनांक 18.12.2015।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र द्वारा विषयक प्रस्ताव में मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी द्वारा कथिपय आपत्तिया लगायी गयी है जिनका बिन्दुवार निस्तारण कर प्रस्ताव पुनः संलग्न कर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. प्रस्तावित स्थल चिन्हित टोपो शीट पर प्रभागीय निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित कर संलग्न।
2. प्रस्ताव के साथ सयुक्त निरिक्षण रिर्पोट पर प्रभागीय वनाधिकारी एवं प्रयोक्ता एजेन्सी के सील एवं हस्ताक्षरित अंकित कर दिये गये है।
3. प्रभागीय निदेशक की स्थलीय रिर्पोट पर संस्तुति कर हस्ताक्षर के साथ दिनांक अंकित कर दी गयी है।
4. प्रस्तावित वन भूमि की गणना पर प्रभागीय वनाधिकारी के हस्ताक्षर अंकित कर दिये गये है।
5. संरक्षित वन भूमि घोषित किये जाने वाले गजट की प्रमाणित प्रति संलग्न है।
6. प्ररियोजना की स्वीकृति की प्रमाणित प्रति संलग्न कर दी गयी है।
7. क्षतिपूरक वनीकरण पर आने वाले व्यय को जमा करने हेतु वचनबद्धता प्रमाण पत्र पर प्रभागीय निदेशक द्वारा प्रति हस्ताक्षरित कर संलग्न है।
8. प्रस्तावित वन भूमि की एन0पी0वी0 जमा करने के प्रमाण पत्र पर प्रभागीय निदेशक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित कर संलग्न है।
9. चिन्हित वन स्वरूप भूमि संबंधित प्रमाण पत्र पर प्रभागीय निदेशक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित कर संलग्न है।
10. वनाधिकारी अधिनियम 2006 के अन्तर्गत जिलाधिकारी का मूल प्रमाण पत्र संलग्न है।
11. प्रस्तावित वन भूमि के भू—संदर्भित मानचित्र पर प्रभागीय निदेशक एवं अधिशासी अभियन्ता की सील एवं हस्ताक्षर अंकित कर दिये गये है।
12. क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चयनित स्थल का भू—सन्दर्भित मानचित्र विषय सूची में समावेश कर दिया गया है।
13. प्रस्ताव मे कथिपय सूचनाओ /अभिलेखो को पूर्ण कर प्रस्ताव की पृष्ठ संख्या व विषय सूची संशोधित कर दी गयी है।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी
बागपत वन प्रभाग बागपत

संख्या / दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2— अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0 नि0 वि0 बागपत।

प्रभागीय वनाधिकारी
बागपत वन प्रभाग बागपत